आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.12.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। जिले में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न घोषणाएं कीं।
- एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपन्न कराने के लिए राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को देहरादून में प्रशिक्षण दिया गया।
- देश के विभिन्न स्थानों के साथ ही विदेशों में भी चम्पावत जिले की जैविक चाय की मांग बढ़ी।
- पिथौरागढ़ पुलिस लाइन में स्कूली बच्चों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

सांसद खेल महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अल्मोड़ा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी एकता बिष्ट और खेल प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव गांवों में छिपी हुई प्रतिभा को खोजकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में शीघ्र ही एक "स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान" लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जी.आई.सी. ग्राउंड में हॉकी और फुटबॉल के लिए दिन–रात्रि उपयोग के लिए बहुउद्देशीय कृत्रिम टर्फ मैदान के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्वच्छ व हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 200 सोलर लाइटें उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम, अल्मोड़ा में 50 बिस्तरों की क्षमता वाला छात्रावास बनाया जाएगा। वहीं, स्टेडियम का बैडमिंटन कोर्ट अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान के तहत आज अल्मोड़ा जिले के ताड़ीखेत में आयोजित बहुद्देश्यीय शिविर में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय जनता से संवाद किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जिले में 77 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 32 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

की। शिविर में हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन से जुड़े सभी कार्य और सेवाएँ जनता को उनके ही क्षेत्र में सुलभ कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार ने "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान शुरू कर शासन–प्रशासन को सीधे आमजन के बीच ले जाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने अभियान के तहत न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं और सुझावों को निःसंकोच साझा करें, ताकि शासन–प्रशासन उन्हें शीघ्र और प्रभावी ढंग से सुलझा सके।

प्रशिक्षण

एग्रीस्टैक योजना के तहत राज्य के सभी किसानों की डिजिटल आई.डी. तैयार करने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपन्न कराने के लिए राजस्व व कृषि विभाग के गढवाल मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों का आज देहरादून में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सचिव, कृषि व राजस्व, एस. एन.पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के प्रतिनिधियों ने एग्रीस्टैक के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया। केंद्र के प्रतिनिधियों ने बताया कि कि देश के समस्त किसानों को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने और उनकी पहचान को डिजिटल रूप देने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने फार्मर रजिस्ट्री की शुरूआत की है। यह एक ऐसा डेटाबेस है, जिसमें किसान पंजीकरण कराकर अपनी डिजिटल पहचान प्राप्त कर सकते हैं। सफल पंजीकरण के बाद किसानों को एक यूनिक डिजिटल पहचान मिलेगी, जिसे फार्मर आई.डी. या किसान आई.डी. कहा जायेगा। यह 11 अंकों की आई.डी. ई–केवाईसी और फील्ड सत्यापन के पूरा होने के बाद जनरेट होगी। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का पारदर्शी रूप में समय के अनुसार किसानों को लाभ पहुँचाने में सुविधा होगी।

चाय उत्पादन

चम्पावत जिले की जैविक चाय की मांग देश के विभिन्न स्थानों के साथ ही इंग्लैंड और जर्मनी सहित यूरोपीय देशों में भी काफी बढ़ गई है। चम्पावत चाय बोर्ड के प्रभारी सुरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि बोर्ड द्वारा जिले के 22 ग्राम पंचायतों के 263 हेक्टेयर क्षेत्रफल में चाय की खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभी तक 33 हजार कुन्तल चाय पत्ती का उत्पादन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि चम्पावत जिले की चाय की खासी मांग है। इस चाय को स्थानीय स्तर के साथ ही कोलकता भी भेजा जा रहा है, जिसके माध्यम से चाय को विदेशों में भी बेचा जा रहा है।

ड्रग्स फ्री देवभूमि

ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पिथौरागढ़ पुलिस लाइन में आज स्कूली बच्चों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नशे के दुष्परिणामों को लेकर विभिन्न

नाटकों का मंचन किया। साथ ही भाषण प्रतियोगिता के जरिए भी उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर देश को प्रगति के पथ पर ले जाना है।
प्रतिभागी छात्रों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवा नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक होंगे और भविष्य में गलत राह पर जाने से बचेंगे।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज लोक भवन में उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री नेगी ने राज्यपाल को आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा। उन्होंने आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों, गतिविधियों और विभिन्न क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी।

उत्तराखंड रजत उत्सव

उत्तराखंड राज्य की 25 वर्षों की स्वर्णिम विकास यात्रा को समर्पित और शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहन देने के लिए उत्तरकाशी के जोशीयाड़ा में आज उत्तराखंड रजत उत्सव का शुभारंभ हुआ। तीन दिनों तक चलने वाले रजत उत्सव के पहले दिन आज स्कूली बच्चों की चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं, नृत्य प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जा रही हैं।